[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, सोमवार, 20 जुलाई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 261, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

अहंकार मनुष्य का बहुत बड़ा दुश्मन है। वह सोने के हार को भी मिट्टी का बना देता है।

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

पंच गौरव कबड्डी प्रतियोगिता ... 02

03 मुख्यमंत्री ने R4C का...

# मुख्यमंत्री भजनलाल बोले: सनातन संस्कृति भारत की वैश्विक पहचान, धार्मिक स्थलों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में अपनी पहचान बना रहा है और भारतीय संस्कृति तथा सनातन परंपरा का गौरव पूरी दुनिया में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के संरक्षण, विकास और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री रविवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य हनुमान कथा में शामिल हुए और श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संतों के सान्निध्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मकता, नैतिक मूल्यों और उच्च संस्कारों







का संचार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक तथा बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम के विकास जैसे कार्य भारत की सांस्कृतिक चेतना को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी खाटूश्यामजी, गिरिराजजी और पुष्कर स्थित ब्रह्मा मंदिर सहित प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने चारों वेदों के मंत्रों का श्रवण किया तथा हनुमान कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ धार्मिक आयोजन में सहभागिता की। इस अवसर पर विधायक बालमुकुंद आचार्य, ठाकुर गोविंद देव चतुर्वेद विद्यापीठ के न्यासी संदीप झावर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार

**उज्जैन @ पदमावत मीडिया।** झारड़ा थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में




फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार अपराध क्रमांक 186/2026 में वांछित आरोपी धर्मेंद्र गेहलोद निवासी बलसाड़ (गुजरात) को मुखबिर की सूचना पर रावतखेड़ी फंटा (तारोट रोड) से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) करणदीप सिंह एवं एसडीओपी राहुल कुमार खरे के निर्देशन में थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह गरवाल के नेतृत्व में की गई।

### ठाणे पुलिस के शिकायत निवारण अभियान में 728 मामलों का समाधान

**ठाणे @ पदमावत मीडिया।** ठाणे पुलिस आयुक्तालय ने 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत आयोजित दो दिवसीय शिकायत निवारण अभियान में 728 लंबित शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। अभियान 18 और 19 जुलाई को आयोजित किया गया। पुलिस के अनुसार 1,088 शिकायतकताओं को आमंत्रित किया गया था, जिनमें से 789 लोग उपस्थित हुए। शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित शिकायतकताओं को बुलाने की कार्ययोजना बनाई गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आमजन को त्वरित राहत और प्रभावी पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

### महात्मा गांधी चिकित्सालय में हाई रिस्क प्रसूताओं के लिए 8 बेड का विशेष केयर यूनिट शुरू

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** महात्मा गांधी चिकित्सालय में हाई रिस्क प्रसूताओं की बेहतर देखभाल के लिए 8 बेड का विशेष स्त्री एवं प्रसूति रोग केयर यूनिट शुरू किया



गया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर शुरू की गई इस सुविधा में गंभीर प्रसूताओं का उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की 24 घंटे निगरानी में किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन के अनुसार यूनिट में बीपी, ब्लड शुगर, सीबीसी, ईसीजी, यूरिया, क्रिएटिनिन, टीएसएच सहित सभी आवश्यक जांचें चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेंगी। अस्पताल में वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की 24 घंटे तैनाती के साथ ऑपरेशन थिएटर की सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा बहड़ ने गर्भवती महिलाओं से उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है।

### हाड़ारानी पैनोरमा निर्माण के लिए भूमि आवंटन मंजूर

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2026-27 के तहत सलूंबर में वीरांगना हाड़ारानी पैनोरमा निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 6,634 वर्गमीटर भूमि के निःशुल्क आवंटन को मंजूरी दे दी है। स्वायत्त शासन विभाग ने नगर परिषद के प्रस्ताव पर राजस्व ग्राम लकापा के खसरा संख्या 290 से भूमि आवंटित करने के आदेश जारी किए हैं। प्रस्तावित पैनोरमा में वीरांगना हाड़ारानी के शौर्य और बलिदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। परियोजना से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे तथा मेवाड़ की ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन को नई दिशा मिलेगी।

## राजस्थान निवेश के लिए बना देश का अग्रणी राज्य : नीति आयोग की रैंकिंग में शानदार प्रदर्शन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में निवेश प्रोत्साहन और औद्योगिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। नीति आयोग द्वारा जारी निवेश अनुकूलता सूचकांक में राजस्थान को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थान मिला है। बड़े राज्यों में प्रदेश ने नियमों के सरलीकरण में दूसरा, निवेश प्रोत्साहन नीतियों में तीसरा तथा संसाधन उपलब्धता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया है।

राज्य सरकार के अनुसार उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने, निवेशकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने तथा उद्योग-अनुकूल वातावरण विकसित करने के लिए लगातार सुधार किए गए हैं। राज निवेश पोर्टल पर वर्तमान में 18 विभागों




की 190 सेवाएं उपलब्ध हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पोर्टल पर 34,704 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 30 जून तक 30 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से 17 हजार से अधिक का निस्तारण किया जा चुका है। प्रमुख सेवाओं के निस्तारण में भी समय में उल्लेखनीय कमी आई है। राज्य सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में निवेश और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 30 से अधिक नई नीतियां लागू की हैं। इनमें एमएसएमई, निर्यात प्रोत्साहन, टेक्सटाइल एवं परिधान, लॉजिस्टिक्स, स्वच्छ ऊर्जा, डाटा सेंटर, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, सेमीकंडक्टर, एयरोस्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों से संबंधित नीतियां शामिल हैं। इन सुधारों के कारण निवेशकों का राजस्थान पर विश्वास लगातार मजबूत हुआ है।

राज्य सरकार ने बताया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझौते (एमओयू) हुए, जिनमें से लगभग 9 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भूमि पूजन भी हो चुका है। सरकार इन निवेश प्रस्तावों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित समीक्षा, विभागों के बीच समन्वय और निवेशकों की समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है।

## 1109 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई: चार राज्यों में छह ठिकानों पर छापेमारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 1109 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड के छह स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई एम/एस गुप्ता पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, भुवनेश्वर और उसके निदेशकों के विरुद्ध दर्ज मामले में की गई। सीबीआई के अनुसार कंपनी पर कैनरा बैंक से विभिन्न फंड आधारित और गैर-फंड आधारित ऋण सुविधाओं के माध्यम से 1109 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। जांच में सामने आया है कि कंपनी ने ऋण सीमा बढ़वाने के लिए स्टॉक का मूल्य कृत्रिम रूप से बढ़ाकर दिखाया, व्यापारिक देनदारियों को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया, वित्तीय विवरणों में हेराफेरी की, तथा बैंक से प्राप्त ऋण राशि का दुरुपयोग और अन्यत्र हस्तांतरण किया। इसके अलावा खातों को नियमित दर्शाने के लिए एवरग्रीनिंग का भी सहारा लिया गया, जिससे बैंक को भारी वित्तीय नुकसान




हुआ। विशेष न्यायाधीश (सीबीआई), भुवनेश्वर द्वारा जारी तलाशी वारंट के आधार पर सीबीआई ने कंपनी के चार निदेशकों के भुवनेश्वर स्थित आवासों, कोलकाता स्थित पंजीकृत कार्यालय तथा उत्तराखंड के काशीपुर, तमिलनाडु के तिरुवल्लूर और ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित तीन विनिर्माण इकाइयों में एक साथ तलाशी ली। छापेमारी के दौरान सीबीआई ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक साक्ष्य जब्त किए हैं। एजेंसी का कहना है कि जब्त दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है और पूरे वित्तीय लेन-देन, ऋण राशि के उपयोग तथा मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच जारी है।

## मनवाखेड़ा विद्यालय में संस्कार पाठशाला का आयोजन, विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक शर्बत पिलाकर दिया स्वास्थ्य और संस्कार का संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आर्य समाज हिरणमगरी सेक्टर-4 के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मनवाखेड़ा में संस्कार पाठशाला एवं आयुर्वेदिक शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कारों, स्वास्थ्य संरक्षण और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना रहा। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका चन्द्रकांता वैदिका ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आयुर्वेदिक औषधियों शंखपुष्पी एवं ब्राह्मी से तैयार शर्बत का वितरण किया गया। यह सेवा आयुर्वेद प्रचारक चन्द्रकला आर्य के सहयोग से सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में बेला सिसोदिया ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय की चुनौतियों से अवगत कराते हुए अच्छे संस्कार, अनुशासन, नैतिकता एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। वहीं चन्द्रकांता वैदिका ने विद्यार्थियों को गायत्री मंत्र का शुद्ध उच्चारण,



उसका अर्थ एवं महत्व बताते हुए कहा कि इसके नियमित जप से बुद्धि, एकाग्रता और स्मरण शक्ति का विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य को महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा रचित सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक भेंट कर वैदिक साहित्य के अध्ययन एवं उसके प्रचार-प्रसार का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वास्थ्य, संस्कार और भारतीय संस्कृति से जुड़े प्रेरणादायी विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## सीबीआई की बड़ी कार्रवाई: पशुपालन विभाग का अधिकारी बनकर रिश्वत वसूलने वाला जालसाज गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**देहरादून/आगरा ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग का अधिकारी बनकर ऋण आवेदकों से रिश्वत वसूलने वाले एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रभु दयाल के रूप में हुई है, जो स्वयं को ऋषि गुप्ता बताकर कृषि भवन, नई दिल्ली स्थित पशुपालन एवं डेयरी विभाग का अधिकारी होने का झांसा देता था।

सीबीआई के अनुसार मामला 29 जून 2026 को दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले में पोल्ट्री फार्म संचालित करता है और उसने पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (अलक्ळ्र्क्र) योजना के तहत 22.50 लाख रुपये के ऋण के लिए आवेदन किया था। आरोपी ने ऋण स्वीकृत कराने के नाम पर 45 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। सीबीआई ने ट्रैप के दौरान आरोपी के भेजे गए क्यूआर कोड के



माध्यम से शिकायतकर्ता से 5 हजार रुपये की पहली रिश्वत राशि जमा कराई। प्रारंभिक जांच में एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, लेकिन पूछताछ में पता चला कि वह मुख्य आरोपी नहीं था। इसके बाद सीबीआई ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल कॉल डिटेल रिकॉर्ड, बैंक खातों, आईपी एड्रेस और डिजिटल निगरानी के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी के पास एएचआईडीएफ ऋण आवेदकों की गोपनीय जानकारी उपलब्ध थी। वह प्रतिदिन अनेक आवेदकों को फोन कर ऋण आवेदन निरस्त होने, दोबारा आवेदन करने या स्वीकृति दिलाने का डर दिखाकर रिश्वत मांगता था। आरोपी यूपीआई और क्यूआर कोड के माध्यम से अलग-अलग बैंक खातों में राशि मंगवाकर उसे अन्य खातों में स्थानांतरित कर देता था।

सीबीआई ने लगातार दिल्ली, आगरा और आसपास के क्षेत्रों में तलाश के बाद आगरा जिले के छोटा पूठा बिसराना गांव से आरोपी प्रभु दयाल को गिरफ्तार किया। आरोपी के घर की तलाशी में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। सीबीआई ने बताया कि आरोपी को सक्षम न्यायालय, देहरादून में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

## नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर्स का सम्मान, मरीजों की सेवा को सर्वोच्च धर्म मानने का आह्वान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** आरएनटी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध चिकित्सालयों में कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों की ओर से रविवार को एनएलटी सभागार में नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर्स के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों का मेवाड़ी परंपरा के अनुरूप स्वागत करते हुए उन्हें संवेदनशील, समर्पित और मानवीय सेवा भाव के साथ मरीजों की देखभाल करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. राहुल जैन ने की। मुख्य अतिथि एमबी चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. आर.एल. सुमन तथा विशिष्ट अतिथि नर्सिंग अधीक्षिका बीना चौधरी रहीं। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का उपरणा ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. राहुल जैन ने कहा






कि नर्सिंग अधिकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों का उपचार केवल दवाइयों से नहीं, बल्कि संवेदनशील व्यवहार, आत्मीय संवाद और सेवा भावना से भी होता है। उन्होंने नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारियों से अनुशासन, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा प्रत्येक मरीज के साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि डॉ. आर.एल. सुमन ने कहा कि अधिकांश नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर्स की नियुक्ति नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) एवं आईसीयू जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विभागों में हुई है। उन्होंने कहा कि एमबी चिकित्सालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में सेवा का अवसर मिलना गौरव की बात है। उन्होंने सभी नर्सिंग अधिकारियों से मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ आत्मीय व्यवहार करते हुए धैर्य, संवेदनशीलता और सेवा भाव को अपनी कार्यशैली का आधार बनाने का आग्रह किया।

समारोह में नव नियुक्त नर्सिंग ऑफिसर्स की ओर से प्रहलाद लबाना एवं भेरूलाल खटीक ने अपने विचार व्यक्त किए। दिलीप यादव ने आयोजन के उद्देश्य, संगठन की कार्यप्रणाली एवं नर्सिंग अधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला, जबकि हेमंत आमेटा तृतीय ने सभी से संगठनात्मक एकजुटता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रफुल गांधी ने किया तथा हितेश लबाना ने आभार व्यक्त किया। समारोह में नर्सिंग अधीक्षक अमीन खान, जितेंद्र भटनागर, चंद्र प्रकाश सिसोदिया, विश्वेश्वर त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अरविंद बैरागी, अब्दुल रशीद, हंसराज मीणा, दीपक जैन, सुमित सोनी, अवधेश पानेरी, गौरव राठौर, दिनेश माली, प्रकाश गौड़ एवं दिनेश नागदा ने व्यवस्थाओं का दायित्व संभाला। समारोह में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर गायत्री जड़िया, सुनीता शर्मा सहित आरएनटी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध चिकित्सालयों के सैकड़ों नर्सिंग अधिकारी एवं नर्सिंग कार्मिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### 20 .55 ग्राम एमडीएमए के साथ तस्कर गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़ @ पदमावत मीडिया।** साड़ास थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 20.55 ग्राम एमडीएमए (मोली पाउडर) के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मादक पदार्थ, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर लेड़ा का खेड़ा तिराहे से दिनेश जाट (26) निवासी जितियास को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन विषभंजन: बालोतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 228 किलो डोडा पोस्त जब्त

**बालोतरा @ पदमावत मीडिया।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन विषभंजन के तहत बालोतरा पुलिस



ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 228.150 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार तथा दो अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया है। तस्करी में प्रयुक्त दो कारों के साथ एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, दो खाली कारतूस और कई फर्जी नंबर प्लेटें भी बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक रमेश आईपीएस के निर्देशन में समदड़ी थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए संदिग्ध किया सेल्टोस कार का पीछा किया। पुलिस से बचने के लिए वाहन चालक कच्चे रास्ते पर भाग निकला, लेकिन कुछ दूरी पर वाहन का टायर फटने से कार रुक गई। इसके बाद दोनों आरोपी भागने लगे। पीछा करने के दौरान एक आरोपी ने पुलिस दल पर देसी कट्टे से फायरिंग कर दी, लेकिन पुलिस ने साहस का परिचय देते हुए उसे हथियार सहित दबोच लिया। तलाशी के दौरान कार से 228.150 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। साथ ही अलग-अलग वाहनों की 14 फर्जी नंबर प्लेटें भी मिलीं। जांच में सामने आया कि आरोपी पहचान छिपाने और पुलिस से बचने के लिए लगातार वाहन की नंबर प्लेट बदलते थे। बाद में पुलिस ने एस्कॉर्ट कर रही एक स्विफ्ट कार को भी रोककर उसमें सवार दो अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित पुत्र ओमप्रकाश निवासी भीनमाल (जालोर) तथा शंकरलाल पुत्र सोनाराम निवासी सेड़वा (बाड़मेर) के रूप में हुई है। वहीं ओमप्रकाश पुत्र ठाकराराम मांजू और रमेश पुत्र भागीरथराम मांजू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से मादक पदार्थों के स्रोत, तस्करी नेटवर्क और अन्य सहयोगियों के संबंध में गहन पूछताछ जारी है।

### उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 53.40 ग्राम एमडी के साथ तस्कर गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डबोक थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 53.40 ग्राम अवैध एमडी के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार भी जब्त कर ली है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजत विश्नोई तथा पुलिस उप अधीक्षक चांदमल सिंघारिया के सुपरविजन में डबोक थानाधिकारी गोपालनाथ और डीएसटी टीम ने 18 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी की। इस दौरान आरजे 20 सीके 5344 नंबर की कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में चालक कैलाश (20) निवासी गुड़ली, थाना डबोक, जिला उदयपुर के कब्जे से 53.40 ग्राम एमडी बरामद हुई। आरोपी एमडी रखने का कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर मादक पदार्थ और कार जब्त कर ली। मामले की जांच जारी है तथा मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है।

### गैंगस्टर के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर दहशत फैलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सोशल मीडिया पर गैंगस्टर के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर भड़काऊ फोटो और वीडियो प्रसारित कर लोगों में दहशत फैलाने वाले दो युवकों को बड़गांव थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा तथा पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में बड़गांव थानाधिकारी हितेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि आरोपी गैंगस्टर दिलीप नाथ के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर उसके भड़काऊ फोटो और वीडियो पोस्ट कर आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर रहे थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गणपत सिंह (19) और गजेंद्र (23), दोनों निवासी मदर, थाना बड़गांव, जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर अपराधियों का महिमामंडन करना या ऐसे भड़काऊ वीडियो और पोस्ट प्रसारित कर कानून-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पंच गौरव कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन, अब 26 जुलाई को जिला स्तर पर होगी खिताबी जंग

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर ।** राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी पंच गौरव योजना के अंतर्गत एक जिला-एक खेल अभियान के तहत जिले में कबड्डी खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 18 एवं 19 जुलाई को सभी पंचायत समितियों में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय पंच गौरव कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबले खेले।

जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया। सेमारी ब्लॉक से बालक वर्ग की 17 एवं बालिका वर्ग की 3 टीमों, सलूम्बर से 26 बालक एवं 7 बालिका टीमों, सराड़ा से 20 बालक एवं 10 बालिका टीमों, झल्लारा से 21 बालक एवं 6 बालिका टीमों, जयसमंद से 16 बालक एवं 5 बालिका टीमों तथा लसाड़िया से 11 बालक एवं 4 बालिका टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता टीमों के बीच अब 26 जुलाई (रविवार) को लवकुश शिक्षण संस्थान में जिला स्तरीय पंच गौरव कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग की विजेता तथा उपविजेता टीमों सहित लगभग 400 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, निर्णायक एवं जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।









उन्होंने सभी विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के परिणाम एवं समस्त अभिलेख शीघ्र खेल विभाग को उपलब्ध कराए जाएं, ताकि जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके। साथ ही सभी टीमों की सूची, जन्म प्रमाण-पत्र, दसवीं की अंकतालिका एवं आधार कार्ड की प्रतियां 22 जुलाई तक निर्धारित प्रारूप में खेल विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों के आवागमन की व्यवस्था संबंधित ग्राम विकास अधिकारी द्वारा की जाएगी। आयोजन समिति की ओर से





खिलाड़ियों के लिए नाश्ता एवं दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से प्रतियोगिता के दौरान अपना मूल आधार कार्ड साथ लाने की अपील की है।

जिला प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि पंच गौरव योजना के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा तथा जिले में कबड्डी खेल को नई पहचान और नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

# नई दिल्ली में रामायण : प्रथम संकल्पके भव्य ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुए डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली ।** भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक विरासत पर आधारित बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण : प्रथम संकल्प के भव्य ट्रेलर लॉन्च समारोह का आयोजन शनिवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए और भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने वाले इस प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की।

निर्देशक नितेश तिवारी और निमार्ता नमित मल्होत्रा की महत्वाकांक्षी प्रस्तुति के इस भव्य आयोजन में फिल्म, साहित्य, आध्यात्मिक एवं सामाजिक जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की



उपस्थिति रही। समारोह में फिल्म की प्रमुख स्टार कास्ट रणबीर कपूर (भगवान श्रीराम), साई पल्लवी (माता सीता), यश (रावण), सनी देओल (हनुमान), रवि दुबे (लक्ष्मण), रकुल प्रीत सिंह (शूर्पणखा) तथा कुणाल कपूर (देवराज इंद्र) उपस्थित रहे। इसके अलावा योगगुरु स्वामी रामदेव, वरिष्ठ अभिनेता अरुण गोविल तथा प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने भी अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा बढ़ाई।

कार्यक्रम के दौरान फिल्म का लगभग चार मिनट का भव्य ट्रेलर प्रदर्शित किया गया, जिसमें अत्याधुनिक विजुअल इफेक्ट्स, भव्य सेट, प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण और भारतीय महाकाव्य रामायण की विराट झलक ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ट्रेलर को दर्शकों और विशिष्ट अतिथियों से उत्साहजनक एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आदर्श जीवन, नैतिक मूल्यों और मानवीय मयार्दाओं का शाश्वत आधार है। ऐसी फिल्में नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने के साथ-साथ विश्व समुदाय तक भारत की आध्यात्मिक विरासत और सनातन संस्कृति का गौरवशाली संदेश पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनती हैं।

फिल्म निमार्ताओं ने घोषणा की कि ह्यरामायण : प्रथम संकल्पह्न का ट्रेलर 24 जुलाई को विश्वभर के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जारी किया जाएगा। दो भागों में निर्मित इस महागाथा का पहला भाग दीपावली-2026 तथा दूसरा भाग दीपावली-2027 में विश्वभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा।

यह भव्य आयोजन भारतीय सिनेमा, संस्कृति और अध्यात्म के संगम का प्रतीक बनकर उभरा, जिसने एक बार फिर यह संदेश दिया कि भारत की सनातन परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत आज भी विश्व को प्रेरित करने की क्षमता रखती हैं।

## कुर्ला फ्लाईओवर पर हादसा देख रुकीं मुंबई की महापौर ऋतु तावड़े, घायलों की मदद की

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई ।** मुंबई की महापौर ऋतु तावड़े ने रविवार शाम कुर्ला फ्लाईओवर पर सड़क दुर्घटना के दौरान संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए मानवता की मिसाल पेश की। एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घाटकोपर जा रही महापौर ने रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त टेम्पो को देखकर तत्काल अपना काफिला रुकवाया और स्वयं राहत कार्य में जुट गईं। जानकारी के अनुसार, दादर की ओर जा रहा एक छोटा टेम्पो कुर्ला फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए विपरीत दिशा में पलट गया। दुर्घटना के कारण फ्लाईओवर पर यातायात प्रभावित हो गया और वाहन रुक गए। घटना को देखते ही महापौर ऋतु तावड़े ने बिना देर किए अपना वाहन सड़क किनारे रुकवाया। उन्होंने अपने चालक, सुरक्षा



कर्मियों तथा वहां मौजूद अन्य नागरिकों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त टेम्पो को दोबारा सीधा करवाया। इसके बाद उन्होंने टेम्पो चालक और क्लीनर से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की। सौभाग्यवश दुर्घटना में चालक और क्लीनर को केवल मामूली चोटें आईं और कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई। समय रहते मिली सहायता से स्थिति जल्द सामान्य हो गई। महापौर ऋतु तावड़े की त्वरित मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि का इस प्रकार संकट की घड़ी में स्वयं आगे बढ़कर मदद करना समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है।

## पर्यटकों को परेशान करने वालों पर उदयपुर पुलिस का शिकंजा, छह दलालों के खिलाफ कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहर की पर्यटन छवि को सुरक्षित रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पर्यटन थाना पुलिस ने पर्यटकों को परेशान करने और अवैध रूप से गाइड बनकर कमीशनखोरी करने वाले छह दलालों के खिलाफ कार्रवाई की है। सभी के विरुद्ध राजस्थान पर्यटन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा तथा पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में पर्यटन थानाधिकारी दयालाल चौहान के नेतृत्व में टीम ने प्रमुख पर्यटन स्थलों पर निगरानी रखी। कार्रवाई के दौरान अविनाश, संजय सिंह, मोहम्मद इस्माइल, जुबेर मोहम्मद, अल्ताफ हुसैन और भरत कुमार को पर्यटकों को अनाधिकृत रूप से गाइड सेवा देने और





कमीशन के लिए परेशान करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में कोई भी वैध गाइड लाइसेंस या आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। उदयपुर पुलिस ने पर्यटकों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें परेशान करता है या किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो पर्यटन व्हाट्सएप हेल्पलाइन 73000-59984 पर तत्काल संपर्क करें। पुलिस द्वारा तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-02 : छह साल से फरार वांछित आरोपी पुलिस के शिकंजे में

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-02 के तहत राजसमंद जिले की चारभुजा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए छह वर्षों से फरार चल रहे वांछित आरोपी सुनील उर्फ कालूलाल रावत मीणा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी हत्या के प्रयास, पुलिस पर हमला, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट तथा अन्य गंभीर अपराधों के कई मामलों में वांछित था।

जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार पारीक तथा वृत्ताधिकारी जितेंद्र सिंह के सुपरविजन में चारभुजा थानाधिकारी लक्ष्मण





सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई की। आरोपी को पाली जिला कारागृह से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी चारभुजा थाने के वर्ष 2020 के हत्या के प्रयास, पुलिस पर हमला, राजकार्य में बाधा एवं आर्म्स एक्ट के मामले में धारा 173(8) सीआरपीसी के तहत वांछित था। जांच में उसकी भूमिका सामने आने के बाद लंबे समय से उसकी तलाश की जा रही थी।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के विरुद्ध राजस्थान और मध्यप्रदेश के विभिन्न थानों में 19 से अधिक संगीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, पुलिस पर हमला, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, धोखाधड़ी, जालसाजी तथा अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-02 के तहत वांछित अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# श्री उत्तम सेवा धाम में 28-29 जुलाई को सजेगा गुरु पूर्णिमा महा-महोत्सव, माही से महाकाल पदयात्रा का होगा शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बांसवाड़ा ।** उदयपुर रोड स्थित श्री उत्तम सेवा धाम, जानामेड़ी आश्रम में परम पूज्य महामंडलेश्वर 1008 श्री ईश्वरानंद श्री उत्तम स्वामी जी महाराज के सान्निध्य एवं आशीर्वाद में 28 एवं 29 जुलाई को दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महा-महोत्सव-2026 श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। महोत्सव को लेकर आश्रम में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं तथा प्रदेश सहित देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है।

आचार्य पं. दिव्य भारत पंड्या एवं गुरु भक्त मंडल बांसवाड़ा के संरक्षक महेश उपाध्याय ने बताया कि 28 जुलाई को प्रातः 9 बजे विश्व कल्याण के उद्देश्य से संचालित विशेष अनुष्ठान की पूणार्हुति होगी। इसके पश्चात गुरु पादुका का मंगल प्रवेश, विधिवत पूजन, आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा, जिसमें



बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागी बनेंगे।

आयोजन समिति के निखिलेश त्रिवेदी ने बताया कि गुरुदेव की प्रेरणा से पिछले दस वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही 'माही से महाकाल, उज्जैन' आध्यात्मिक पदयात्रा का शुभारंभ भी इसी दिन श्री उत्तम सेवा धाम से होगा। श्रद्धालुओं का जत्था भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन रवाना होगा।

उन्होंने बताया कि 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे उत्तम महिला सेवा समिति द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया जाएगा। वहीं रात्रि में संगीतमय सुंदरकांड पारायण का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु भगवन श्रीराम के गुणगान एवं भक्ति रस का आनंद लेंगे। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के मुख्य समारोह के तहत प्रातः 10:30 बजे गुरु पादुका पूजन का आयोजन होगा। इसके पश्चात दोपहर 12:30 बजे विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

आयोजन समिति ने प्रदेश एवं देशभर के श्रद्धालुओं से परिवार सहित श्री उत्तम सेवा धाम पहुंचकर गुरु पूर्णिमा महा-महोत्सव में सहभागिता करने, गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है। आयोजकों के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आश्रम परिसर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि महोत्सव श्रद्धा, सेवा और आध्यात्मिक ऊर्जा के वातावरण में संपन्न हो सके।

## उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 5 ग्राम एमडीएमए के साथ तस्कर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुखेर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 ग्राम एमडीएमए के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा तथा पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अंबेरी नाकाबंदी प्वाइंट पर कार्रवाई की। इस दौरान संदिग्ध युवक भावेश





**नाकाबंदी के दौरान सुखेर थाना पुलिस की कार्रवाई, मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क की जांच शुरू**

कुमार (28) निवासी रावलिया कला, थाना गोगुंदा, जिला उदयपुर के कब्जे से 5 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में मादक पदार्थ की खरीद और बिक्री से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### संत रामपाल जी महाराज का एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग आयोजित

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में संत



रामपाल जी महाराज का एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग आयोजित किया गया। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारित सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक प्रवचनों का श्रवण किया। सत्संग में शास्त्रसम्मत भक्ति, मानवता, सत्य, अहिंसा, समानता एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। प्रवचनों में पूर्ण गुरु से नामदीक्षा लेकर शास्त्रानुसार साधना करने पर बल देते हुए जाति-पांति, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर प्रेम एवं भाईचारे का जीवन अपनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान दहेज-मुक्त विवाह, नशामुक्ति, रक्तदान एवं अन्य जनकल्याणकारी अभियानों की भी जानकारी दी गई।

### आचार्य विजय प्रशमेशप्रभ सूरीश्वर का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश सम्पन्न

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्री संघ, आराधना भवन



मालदास स्ट्रीट में आचार्य विजय प्रशमेशप्रभ सूरीश्वर महाराज का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पद्मनाभ स्वामी जैन मंदिर (चौगान मंदिर) से चतुर्विध संघ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुए। जगह-जगह श्राविकाओं ने मंगल कलश एवं अक्षत गहुली से आचार्य भगवंत का स्वागत किया। आराधना भवन पहुंचने पर गुरु भक्ति स्तवन प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न जैन संघों के पदाधिकारी और गुरुभक्तों ने चातुर्मासिक मंगल प्रवेश में भाग लिया। इस दौरान जाखोड़ा जैन तीर्थ के शांतिनाथ भगवान जिनालय के जीर्णोद्धार, खनन मुहूर्त एवं शिलास्थापन की घोषणा भी की गई। श्री संघ ने बताया कि आचार्य भगवंत की निश्रा में 4 अगस्त से सिद्धि तप की आराधना प्रारम्भ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### उदयपुर में 21 जुलाई से 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पेलदूज आर्ट सोसायटी एवं मौलिक ऑर्गेनाईजेशन



ऑफ क्रिएटिव एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में 21 जुलाई से 5 अगस्त तक 15 दिवसीय अभिनय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे तक विकल्प क्लासेस, सेक्टर-3 में होगी। फिल्म एवं रंगमंच अभिनेता शुभम आमेटा और जतिन भरवानी प्रतिभागियों को थिएटर एवं कैमरा एक्टिंग, वॉइस एवं स्पीच, बॉडी मूवमेंट, टेक्स्ट की समझ, अभिनय सिद्धांत और सीन वर्क का प्रशिक्षण देंगे। 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के इच्छुक प्रतिभागी इसमें भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए केवल 15 सीटें निर्धारित की गई हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सोशल मीडिया अथवा मोबाइल नंबर 7023666624 और 7737499714 पर संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं।

### श्री सीताराम मंदिर एवं रामेश्वर महादेव मंदिर में ध्वजारोहण, श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** बेदला स्थित श्री सीताराम मंदिर में रविवार को नवीन ध्वजारोहण कार्यक्रम श्रद्धा एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः हवन-पूजन से हुई। ध्वजा पूजन के बाद महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए ध्वजा को सिर पर धारण कर मंदिर की परिक्रमा की। इसके पश्चात पूर्व सरपंच बंशीलाल कुम्हार के यजमानत्व में श्री सीताराम मंदिर के शिखर पर नवीन ध्वजा फहराई गई। साथ ही समीप स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर भी नवीन ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां दीं। आरती के उपरांत महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

---

राजस्थान में साइबर अपराधियों पर सरकार का बड़ा प्रहार

# मुख्यमंत्री ने R4C का किया निरीक्षण ठगों की संपत्ति जब्त करने के दिए निर्देश

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com





**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को पुलिस मुख्यालय स्थित राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर (R4C) एवं उसके अंतर्गत संचालित 1930 साइबर हेल्पलाइन का निरीक्षण कर प्रदेश में साइबर अपराधों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने साइबर ठगों के खिलाफ और अधिक सख्ती बरतने, उनकी अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई करने तथा अपराध में सहयोग करने वाले बैंक खाता उपलब्ध कराने वालों के विरुद्ध भी कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनजागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने सोशल मीडिया, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा स्कूलों और कॉलेजों के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि लोग साइबर ठगी के नए तरीकों से सतर्क रह सकें।

उन्होंने बैंकिंग संस्थानों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर साइबर अपराधियों के बैंक खातों को तत्काल ब्लॉक करने, आधुनिक तकनीक एवं डेटा विश्लेषण के माध्यम से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा साइबर ठगों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर अपराध में प्रयुक्त बैंक खाते उपलब्ध कराने वालों को भी किसी प्रकार की राहत नहीं मिलनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि 1930 हेल्पलाइन पर आने वाली लगभग 95 प्रतिशत शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई की जा रही है। पहले हेल्पलाइन पर 30 कॉल लाइनें संचालित थीं, जिन्हें बढ़ाकर 53 लाइनें कर दिया गया है तथा जल्द ही यह संख्या 60 तक पहुंचाई जाएगी। हेल्पलाइन अब तीन पारियों में संचालित हो रही है, जिससे प्रत्येक शिकायत का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

अधिकारियों ने बताया कि जून 2026 में कॉल रिस्पॉन्स दर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पांच लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी के मामलों में 412 ई-जीरो एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। साथ ही गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 में डिजिटल सुरक्षा एवं अनुसंधान के लिए राजस्थान पुलिस के 54 कार्मिकों का चयन प्रशिक्षण हेतु किया गया है।

मुख्यमंत्री ने साइबर अपराध नियंत्रण को और मजबूत बनाने के लिए R4C के लिए नए भवन की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने बजट 2026-27 में राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है तथा अत्याधुनिक एआई आधारित 1930 साइबर हेल्पलाइन कॉल सेंटर की स्थापना का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बाड़मेर के शिकायतकर्ता भैराराम से सीधे बातचीत कर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के नाम पर हुई साइबर ठगी की जानकारी ली। उन्होंने शिकायत दर्ज होने से लेकर संबंधित थाना एवं बैंक तक सूचना पहुंचने की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा लाइव डैशबोर्ड एवं ट्रैकिंग सिस्टम की कार्यप्रणाली भी देखी।

मुख्यमंत्री के निदेर्शों की अनुपालना में बैंकिंग संस्थानों और साइबर पुलिस के बीच समन्वय मजबूत करने के लिए 21 जुलाई को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में स्पेशल स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी (एसएलबीसी) की बैठक आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि यदि वे किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होते हैं तो गोल्डन आवर्स के भीतर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर नुकसान को रोका जा सके। बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, मुख्यमंत्री कार्यालय, गृह विभाग एवं पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## लैंगिक न्याय से साइबर अपराध तक गहन मंथन, चार जिलों के न्यायिक अधिकारियों की त्रैमासिक कार्यशाला सम्पन्न

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के तत्वावधान में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर की गरिमामय उपस्थिति में न्यायालय परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में अप्रैल से जुलाई तिमाही की एक दिवसीय त्रैमासिक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ एवं सलूम्बर जिलों के जिला एवं अधीनस्थ न्यायिक अधिकारियों ने भाग लेकर न्यायिक कार्यप्रणाली से जुड़े समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया।

कार्यशाला का शुभारंभ न्यायाधीश विनीत कुमार माथुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उदयपुर के जिला एवं सेशन न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश गुप्ता, राजसमंद की जिला एवं सेशन न्यायाधीश अल्का शर्मा, चित्तौड़गढ़ के जिला एवं सेशन न्यायाधीश मान सिंह चुण्डावत तथा सलूम्बर के जिला एवं सेशन न्यायाधीश रामेश्वर प्रसाद चौधरी उपस्थित रहे।

कोर्ट मैनेजर सुनील जैन ने बताया कि कार्यशाला के सफल आयोजन में एडीजे-2 दमयंती पुरोहित एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार जोशी की



महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक मजिस्ट्रेट चेताली ने किया।

कार्यशाला में न्यायिक व्यवस्था में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने में न्यायाधीशों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव एवं उत्पीड़न की रोकथाम के लिए पोश अधिनियम, 2013 के प्रावधानों, प्रक्रियाओं तथा महिलाओं के अधिकारों और गरिमा की रक्षा से जुड़े सर्वोच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। न्यायिक आदेशों एवं निर्णयों में लिंग-तटस्थ भाषा के उपयोग तथा महिला अधिकारों से जुड़े विभिन्न न्यायिक दृष्टांतों पर भी गहन विमर्श हुआ।

कार्यशाला में दहेज प्रताड़ना, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक पहलुओं तथा न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यवाहियों में लैंगिक संवेदनशीलता को प्रभावी बनाने पर भी विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। न्यायिक अधिकारियों से संवेदनशील मामलों में न्यायिक दृष्टिकोण को और अधिक मानवीय एवं प्रभावी बनाने का आह्वान किया गया।

#### डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराध पर विशेष सत्र

कार्यशाला के विशेष सत्र में डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन साइबर ठगी तथा साइबर अपराधों में ठगी गई राशि की बहाली की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया, बैंक खातों एवं संपत्तियों को फ्रीज करने की वैधानिक प्रक्रिया, जब्त राशि की कस्टडी तथा सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णयों के आलोक में न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी साझा की गई। साथ ही न्यायिक अधिकारियों से साइबर अपराधों के मामलों में नवीनतम न्यायिक दृष्टांतों का प्रभावी उपयोग कर त्वरित एवं न्यायसंगत निर्णय सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

---

## सलिला संस्था के समारोह में 10 पुस्तकों का लोकार्पण

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** सलिला संस्था, सलूम्बर के तत्वावधान में विज्ञान समिति सभागार में आयोजित समारोह में पाँच रचनाकारों की 10 पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह का केंद्रीय विषय कहानी से संस्कार, संस्कार से जीवन रहा।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ. विमला भंडारी ने कहा कि कहानी केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण की सशक्त पाठशाला है, जो बच्चों में संवेदनशीलता और जीवन मूल्यों का विकास करती है। समारोह में डॉ. विमला भंडारी की हँसने वाला झूला, प्रकाश तातेड़ की रेनबो टापू पर पिकनिक, सपना जैन 'संजू' की सचमुच का परी देश, उषा सोमानी की पहिया ग्रह एवं




जीतने की शर्त सहित डॉ. संजीव कुमार की पाँच पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि बाल साहित्य बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। विशिष्ट अतिथि डॉ. मंजू चतुर्वेदी ने उद्देश्यपूर्ण साहित्य सृजन की आवश्यकता पर बल दिया, जबकि अध्यक्ष कुमुद वर्मा ने बाल साहित्य की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मनोरमा (इंडिया नेट बुक्स, दिल्ली) का सम्मान किया गया। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी किरण बाला जीनगर एवं युगधारा परिवार ने डॉ. विमला भंडारी, प्रकाश तातेड़ और सपना जैन 'संजू' का सम्मान किया।

---

## युवा शक्ति सम्मेलन में 65 प्रतिभाओं का सम्मान

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** चौबीसा ब्राह्मण हितकारी समिति द्वारा सेक्टर-14 स्थित निमार्णाधीन भवन में आयोजित युवा शक्ति सम्मेलन में समाज की 65 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। सम्मेलन में युवाओं के सशक्तिकरण, नवाचार, तकनीक और सामाजिक सहभागिता पर जोर दिया



गया। मुख्य अतिथि जलज शर्मा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के रचनात्मक उपयोग और समाज का केंद्रीकृत डाटाबेस तैयार करने का सुझाव दिया। वैज्ञानिक डॉ. शिशिर पुरोहित ने पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत तथा प्रत्येक प्रतिभागी से एक पौधा लगाने का आह्वान किया। सम्मेलन में सरकारी सेवाओं, निजी क्षेत्र, उद्यमिता, शिक्षा, चिकित्सा और शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली 65 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति की वार्षिक आमसभा भी आयोजित हुई, जिसमें भावी योजनाओं पर चर्चा की गई तथा समिति भवन निर्माण के लिए भामाशाहों ने आर्थिक सहयोग की घोषणा की।

## खुदरा खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** खुदरा खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सूरजपोल स्थित संघ कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में एफएसएसएआई लाइसेंस के नवीनीकरण एवं नए लाइसेंस बनवाने में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। संघ अध्यक्ष



सूर्यप्रकाश खमेसरा ने संबंधित अधिकारियों से शीघ्र वार्ता कर समाधान कराने का आश्वासन दिया। बैठक में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए क्षेत्रीय बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया। वहीं संघ के स्नेह सम्मेलन का आयोजन 4 अक्टूबर 2026 को करने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष सूर्यप्रकाश खमेसरा, महामंत्री जितेंद्र गुप्ता सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## गोमती नदी से वर्षों पुराना अतिक्रमण हटाया, राजकीय भूमि मुक्त

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** जिला प्रशासन ने तहसील कुंवारिया के ग्राम छापरखेड़ी स्थित गोमती नदी के बहाव क्षेत्र से वर्षों पुराने अवैध अतिक्रमण को हटाकर राजकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशन में राजस्व, पुलिस और ग्राम पंचायत की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए



नदी क्षेत्र में बने पक्के निर्माण, पत्थर की दीवार और अन्य अतिक्रमण हटाए। प्रशासन ने बताया कि जांच में नदी भूमि पर अवैध कब्जा और बजरी दोहन की पुष्टि होने के बाद राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अभियान में छह जेसीबी मशीनों की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही ग्राम पंचायत को भूमि की फेंसिंग कराने, पुनः अतिक्रमण रोकने तथा अवैध बजरी दोहन पर नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

---

## जनजातीय अंचलों में स्वास्थ्य सेवा को मिलेगी नई मजबूती, आरोग्य रक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** वनवासी कल्याण परिषद राजस्थान प्रांत के प्रांतीय कार्यालय में जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित आरोग्य रक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर रविवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं विषय विशेषज्ञों ने जनजातीय अंचलों में कार्यरत आरोग्य रक्षकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं, मौसमी बीमारियों की पहचान, प्रारंभिक उपचार एवं स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रांत के चिकित्सा आयाम प्रमुख एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश मलिक ने बताया कि दूरस्थ वनवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की सीमित उपलब्धता को देखते हुए आरोग्य रक्षकों को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाता है कि वे आपात स्थिति में ग्रामीणों को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध करा सकें। इसके लिए प्रत्येक आरोग्य रक्षक को आवश्यक दवाइयों से युक्त प्राथमिक चिकित्सा






किट उपलब्ध कराई जाती है। प्राथमिक उपचार के बाद मरीजों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में भी आरोग्य रक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि आरोग्य रक्षकों के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में फैलने वाली मौसमी बीमारियों की जानकारी समय-समय पर परिषद को प्राप्त होती रहती है। इन सूचनाओं के आधार पर संबंधित गांवों एवं फलों में चिकित्सा शिविर आयोजित कर रोगों की रोकथाम एवं उपचार की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। समापन समारोह को संबोधित करते हुए राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के महामंत्री वीरेंद्र पंचोली ने कहा कि परिषद जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में आरोग्य रक्षक दूरस्थ वनांचलों में सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं तथा उनका कार्य समाज में विश्वास और स्वीकृति दोनों प्राप्त कर रहा है।

शिविर में वनांचल शिक्षा समिति के सचिव सज्जन सिंह, सह सचिव कुंज बिहारी, चिकित्सा आयाम से डॉ. ललित, डॉ. रामलाल, रमेश, रामलाल, ओम सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


---

## प्रवीणकुमार माली को राजस्थान विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** केंद्रीय विद्यालय संगठन में व्याख्याता डॉ. प्रवीणकुमार माली को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने अर्थशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने मनरेगा



की भूमिका पर किए गए शोध के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की। डॉ. माली ने अपना शोध राजस्थान के जयपुर जिले में गरीबी उन्मूलन में मनरेगा की भूमिका : एक आलोचनात्मक विश्लेषण विषय पर डॉ. जी.एल. मीणा के निर्देशन में पूरा किया। वर्तमान में वे केंद्रीय विद्यालय, साबरमती (अहमदाबाद) में अर्थशास्त्र के व्याख्याता हैं। पीएचडी की उपाधि मिलने पर परिवार, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## प्रज्ञा कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार को

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** विप्र फाउंडेशन की प्रेरणा से राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वावधान में आयोजित प्रज्ञा कौशल प्रशिक्षण (सिलाई) शिविर का समापन समारोह मंगलवार को दासपा रोड स्थित सेन महाराज मंदिर में आयोजित होगा। शिविर संयोजक डॉ. घनश्याम व्यास एवं सह संयोजक राजेंद्र वैष्णव ने बताया कि शिविर में 72 महिलाओं एवं युवतियों को सिलाई, कटिंग, डिजाइनिंग के साथ स्वरोजगार, विधिक, वित्तीय एवं साक्षरता संबंधी प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तैयार किया गया। समापन समारोह में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार आकर्षक परिधानों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

**मध्यप्रदेश पुलिस का संपत्ति संबंधी अपराधों पर बड़ा प्रहार:**

### 6 दिनों में 70 लाख रुपये से अधिक की चोरी गई संपत्ति बरामद, 33 आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस की विभिन्न जिलों ने विगत 6 दिनों में





संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित की हैं। इस दौरान लगभग 70 लाख से अधिक मूल्य की चोरी गई संपत्ति बरामद करते हुए 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कई अंतर्राज्यीय एवं संगठित गिरोहों का पदार्फाश कर चोरी के प्रकरणों का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया।

**प्रमुख उपलब्धियां**

गुना पुलिस ने चैन चोरी के 8 प्रकरणों का खुलासा करते हुए 3 अंतर्राज्यीय संगठित गिरोहों के 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र एवं विभिन्न राज्यों के समन्वय से 21 लाख 20 हजार मूल्य की चोरी गई 11 सोने की चेन बरामद की है।

भोपाल जीआरपी ने ट्रेनों में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गैंग का पदार्फाश करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा लगभग 15 लाख मूल्य के स्वणार्भूषण एवं अन्य चोरी चोरी गयी संपत्ति बरामद की है। यह सफलता तकनीकी विश्लेषण, 250 से अधिक सीसीटीवी फुटेज के परीक्षण एवं सघन विवेचना के आधार पर प्राप्त हुई।

शिवपुरी जिले की थाना देहात पुलिस ने मात्र 24 घंटे में शटर व ताले तोड़कर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा एक कार सहित लगभग 11 लाख 60 हजार मूल्य का चोरी गयी संपत्ति बरामद की है ।

बड़वानी जिले की थाना सेंधवा ग्रामीण पुलिस ने चोरी करने वाली गैंग का पदार्फाश कर सभी 5 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा 12 लाख मूल्य का शत-प्रतिशत चोरी चोरी गयी संपत्ति बरामद की है'

सीहोर जिले की थाना कोतवाली पुलिस ने दिगंबर जैन मंदिर में हुई चोरी का सफल खुलासा करते हुए आरोपी पुजारी से लगभग 8 लाख मूल्य का चोरी चोरी गयी संपत्ति बरामद की है।

खरगोन में तीन सूने मकानों में हुई चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए खरगोन पुलिस ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से लगभग 2.40 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण एवं 45 हजार रुपये नकद बरामद कर प्रकरण का सफल खुलासा किया।

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार की जा रही है। तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र तथा अंतरजिला एवं अंतर्राज्यीय समन्वय के माध्यम से चोरी के मामलों का त्वरित खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गई संपत्ति की बरामदगी सुनिश्चित की जा रही है।

### आबकारी आयुक्त 20 जुलाई को उदयपुर में करेंगे समीक्षा बैठक

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक सोमवार, 20 जुलाई को प्रातः 11 बजे जिला परिषद सभागार में आयोजित होगी।



बैठक में राजस्व लक्ष्यों की प्रगति, बकाया वसूली, आबकारी बंदोबस्त, निरोधात्मक गतिविधियों, मदिरा उठाव, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न नीतिगत विषयों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में प्रदेश के सभी अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, उपायुक्त आबकारी निरोधक दल, जिला आबकारी अधिकारी, सहायक आबकारी अधिकारी (सामान्य) तथा सहायक आबकारी अधिकारी (निरोधक दल) उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (नीति) प्रदीप सिंह सांगावत ने दी।

## 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' के चौथे दिन

# 1,300 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 8 लाख 30 हजार से अधिक लोगों तक पहुँची मध्यप्रदेश पुलिस

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में संचालित राज्यव्यापी नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' को जनता का व्यापक एवं उत्साहपूर्ण समर्थन मिल रहा है। अभियान के चौथे दिन पुलिस ने अपने जनसंपर्क एवं जागरूकता प्रयासों को और अधिक गति देते हुए पूरे प्रदेश में 1,300 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से 8 लाख 30 हजार से अधिक नागरिकों, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं एवं विभिन्न वर्गों के लोगों तक नशे के दुष्परिणामों का संदेश पहुँचाया गया तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया।
















अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में हॉटस्पॉट क्षेत्रों, ग्रामीण अंचलों, शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से नशे के आदी व्यक्तियों को परामर्श एवं पुनर्वास केन्द्रों की जानकारी दी गई। वहीं विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शॉर्ट फिल्म, व्याख्यान, प्रतियोगिताओं, जनचौपाल, नुक्कड़ नाटक, रैलियों, मैराथन, साइक्लोथॉन, हस्ताक्षर अभियान एवं सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

**जिलेवार प्रमुख आयोजन**

इंदौर नगरीय ने प्रदेश में सर्वाधिक 4 लाख 39 हजार से अधिक लोगों तक पहुँच बनाते हुए अभियान में अग्रणी भूमिका निभाई। यहाँ साइक्लोथॉन, नुक्कड़ नाटक, राजबाड़ा पर जनजागरूकता कार्यक्रम, शहरभर में 60 से अधिक बिलबोर्ड तथा लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स एवं सेलिब्रिटीज की रील्स के माध्यम से व्यापक जनसंदेश प्रसारित किया गया।

बुरहानपुर ने लगभग 1 लाख 35 हजार से अधिक लोगों तक पहुँच बनाते हुए विद्यालयों में चित्रकला, रंगोली, निबंध, नुक्कड़ नाटक एवं रैप डांस प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को नशामुक्ति का संदेश दिया।

बालाघाट में 172 कार्यक्रमों के माध्यम से 30 हजार से अधिक लोगों को जागरूक किया गया, जबकि मंडला ने 70 कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीण एवं संवेदनशील क्षेत्रों तक अभियान को प्रभावी ढंग से पहुँचाया। जीआरपी भोपाल ने रेलवे स्टेशनों, यात्रियों, कुलियों एवं ऑटो चालकों के बीच अभियान चलाकर 20 हजार 700 से अधिक लोगों को जागरूक किया।

बैतूल जिले ने तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए 'ऑनलाइन नशा मुक्ति प्लेज' के माध्यम से अब तक 50 हजार से अधिक नागरिकों ने डिजिटल रूप से नशामुक्ति की शपथ लेकर अभियान से जुड़ाव प्रदर्शित किया।

आलीराजपुर में पुलिस द्वारा आदिवासी अंचलों एवं साप्ताहिक हाट-बाजारों में नुक्कड़ नाटकों की प्रस्तुति दी गई तथा जागरूकता रथ के माध्यम से निमाड़ी एवं भीली बोली में ग्रामीणों तक संदेश पहुँचाया गया।

सिंगरौली में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बिलौंजी में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 1,600 छात्र-छात्राओं ने विशाल मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया और 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के प्रति जनजागरूकता का प्रभावी संदेश प्रसारित किया।

रतलाम में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सकों एवं मेडिकल विद्यार्थियों की सहभागिता से नशामुक्ति जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया, जबकि रीवा में जागरूकता कार्यक्रमों के साथ विद्यालयों के आसपास पान-गुटखा विक्रेताओं के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की गई।

खंडवा एवं बड़वानी में विद्यालयों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री रोकने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। डिंडोरी में कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से नशामुक्ति संदेश प्रसारित किया गया, जबकि राजगढ़ में प्रचार वाहन के माध्यम से गाँव-गाँव अभियान पहुँचाया गया।

आगर मालवा में ग्राम चौपालों के माध्यम से तथा अशोकनगर में चिन्हित हॉटस्पॉट एवं आदिवासी बस्तियों में जाकर नशे के आदी व्यक्तियों की काउंसलिंग कर उन्हें चिकित्सा एवं पुनर्वास संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

अनूपपुर में एक साथ अनेक शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और सामूहिक शपथ दिलाई गई।

**पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों एवं विशेष सशस्त्र बल इकाइयों की सक्रिय भागीदारी**

अभियान में पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों एवं विशेष पुलिस इकाइयों ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। पीटीएस सागर एवं जेएनपीए सागर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। पीटीएस रीवा एवं पीटीएस उमरिया में प्रशिक्षणरत नवआरक्षकों ने नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रभावी संदेश दिया। एमपीपीए भौंरी में नवआरक्षक प्रशिक्षुओं के बीच निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जबकि जीआरपी, विशेष सशस्त्र बल (रअत्र) की विभिन्न वाहिनियों एवं अन्य प्रशिक्षण संस्थानों ने रैलियों, मैराथन, व्याख्यान, स्वास्थ्य शिविर एवं जनसंवाद के माध्यम से अभियान को मजबूती प्रदान की।

मध्यप्रदेश पुलिस का यह अभियान अब केवल एक शासकीय कार्यक्रम न रहकर जनसहभागिता आधारित सामाजिक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। पुलिस मुख्यालय ने प्रदेश के सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा विशेष रूप से युवाओं से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा है कि सामूहिक प्रयासों से ही नशामुक्त, स्वस्थ, सुरक्षित एवं अपराधमुक्त मध्यप्रदेश का निर्माण संभव है।

# रेबीज से सावधान रहें




## रेबीज के प्रकार

**रेबीज बीमारी के दो प्रकार होते हैं। वे निम्नलिखित हैं–**

## फ्यूरियस रेबीज



फ्यूरीफास का मतलब है उग्र रुपी या भयानक स्वरुप धारण किया हुआ। अतः इस प्रकार के रेबीज का संक्रमण होने पर पशु के (यानि गोवंश, भैंस, गधा, घोड़ा, ऊंट कोई भी पशु जिसे रेबीज से ग्रसित पशु ने काटा है।) व्यवहार में अचानक बदलाव आ जाता हैं। वह अकेला, एकांत में रहना पसंद करने लगता है तथा चिड़चिड़ा और मनमौजी बन जाता है। वह मक्खियों को काट खाने को दौड़ता है और अपने मालिक के प्रति गैर जिम्मेदार बन जाता है। उसका खानपान में दिल नहीं लगता। इस अवस्था में कुत्ते के गले के स्नायुओं में लकवा मार जाता है अतः उसकी आवाज भारी हो जाती है। उसे जो कुछ भी दिखता है वह उसे काटने को दौड़ता है। वह एकांत में भी बेतरतीब ढंग से बिना किसी उद्देश्य से दौड़ता रहता है और उसे लकवा मार जाता है। उसके जबड़े के स्नायुओं में लकवा मार जाने से उसका निचला जबड़ा नीचे लटकता रहता है। उसकी जीभ भी लटकती रहती है। उसकी टांगें तथा समूचा शरीर कमजोर हो जाता है और उसकी 2 से 4 दिनों में मृत्यु हो जाती है।



## डम रेबीज (बेजुबान या शांत स्वरुपी रेबीज)

इस अवस्था में कुत्ते में लकवे के साथ लक्षण उभरते हैं। कुत्ता शून्य में ताकता रहता है और किसी भी बात को समझने में असमर्थ रहता है। जल्द ही लकवा उसके गले तक फैलता है जिससे वह भौंक या काट नहीं सकता। उसका निचला जबड़ा नीचे यूं लटकता रहता है जैसे उसके गले में कोई हड्डी का टुकड़ा फंसा हुआ हो। वह जल्द ही हलचल करने में असमर्थ होकर 1 से 4 दिनों में उसकी मृत्यु हो जाती है। इसलिए इस बीमारी से ग्रसित कुत्ते को 10 से 15 दिनों के लिए निगरानी में रखा जाता है।

बिल्लियों तथा जंगली मांसाहारी प्राणियों में यह रोग फ्युरीयस मतलब उग्र रुप में देखा गया है। गधे, घोड़े तथा खच्चरों में पेटाशूल, लकड़ी के खम्बे या दीवार को काटना तथा लात मारना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। जल्द ही उनके पिछले पैरों में लकवा मार जाता हैं और 1 हफ्ते में उनकी मृत्यु हो जाती है। गोवंश में यह रोग उग्र तथा शांत रुप में दोनों में देखा गया है। इंसान में यह बीमारी जानलेवा होती है लेकिन तुरंत समुचित, सम्पूर्ण उपचार करवायें तो जान बच सकती है।

कुत्ता काटने के बाद 10 से 20 दिन बाद और कभी–कभी तो 2 वर्ष बाद भी रोगी को सिरदर्द, उल्टी जैसी भावना (मिचली) आंखों तथा नाक में पानी आना तथा अत्यधिक गला सूखना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। जल्द ही गले में लकाव मार जाता है जिससे कुछ खाना या पीना असंभव हो जाता है फिर समूचे शरीर में लकवा मार जाता है और रोगी 7 दिन में मर जाता है।

## प्रथम उपचार

रेबीज के विषाणु कुत्ते की लार में बहुतायत में मौजूद होते हैं और संक्रमण उसी से समूचे शरीर में फैलता है। अतः शुरुआत में ही साबुन का पानी डालकर जख्म को अच्छी तरह धोयें क्योंकि इससे विषाणु नष्ट होते हैं। इसके बाद उस जख्म पर बहुत सारा टिंचर आयोडीन लगायें। यह प्रतिजैविक होने से जख्म में संक्रमण का खतरा कम होगा। अगर यह उपलब्ध नहीं है तो ताजे नींबू के रस का किसी पेय पदार्थ से जख्म धोयें।

## उपचार

इसके बाद तुरंत अनुभवी डाक्टर को बुलाकर संपल रेबीज विरोधी वैक्सीन लगवायें। आजकल संबंधित अडापटेड ॲडन्यूएटेड टीका भी उपलब्ध है। शुद्ध, सांद्र और बचावात्मक टीके जो कुत्ते के काटने के बाद लगाये जा सकते हैं ऐसे टीके भी उपलब्ध हैं जो 2 वर्ष की अवधि तक प्रतिबंधक शक्ति प्रदान करते हैं। अतः डॉक्टर की सलाह अनुसार इलाज करवायें।

## बचाव एवं सावधानियां

घर का पालतू कुत्ता हर किसी को प्रिय होता है लेकिन लाड़–प्यार एक हद तक ही ठीक है। कुत्ता घर के बाहर रखना ही ठीक हैं। उसके लिए एक छोटा या घर–आंगन में बनवायें और उसे वहीं रखें। उसे रोजाना घुमाने ले जाये। उसे समुचित खानपान प्रदान करें। उसे सहलाये प्यार करें लेकिन उसके बदन पर न जाने कितने बाह्रय परजीवी कीड़े, जीवाणु, विषाणु मौजूद होते हैं। उनमें से सभी आंखों से दिखाई नहीं देते और इंसान में कई तरह के जुनोटिक रोग पैदा करते हैं। अतः सहलाने के बाद हाथ साबुन तथा पानी से अच्छी तरह धोयें। कुत्ते की लार हमारे हाथों में कतई नहीं लगनी चाहिए। अगर लग जाये तो साफ करें।

कुत्ते को अवारा कुत्तों से दूर रखें। इससे उसमें बीमारियों का प्रकोप कम होगा। कुत्ते को अनुभवी पशुओं के डाक्टर द्वारा टीके लगवा लें। उन टीकों का, उन्हें लगवाने की तारीखें सभी बातें एक कॉपी में अच्छी तरह नोट कर लें और संभालकर रखें। इससे अगली बार टीकाकरण करना है यह पता चलेगा। अगर दुर्भाग्यवश घर के किसी सदस्य को कुत्ते ने काट लिया तो हमारे पास डाक्टर को बताने के लिए रिकार्ड मौजूद होगा कि कुत्ते को कौन सा टीका कब लगवाया था। उसकी कार्यसमय कालावधि कब तक थी या हैं? और आगे क्या उपचार करने हैं? कौन सा इंजेक्शन लगवाया हैं? या नहीं? आदि।

इस प्रकार सावधानियां बरतें तो निश्चित तौर पर इंसान इस जानलेवा रेबीज बीमारी से अपने आप को बचा सकता है।




स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मोंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत – 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91–95945–42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई–पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।